आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

......

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज चंबा जिला के दौरे पर रहेंगे। चंबा पहुंचने पर जगत प्रकाश नड्डा का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान वे पार्टी कार्यकत्ताओं से मिलने के बाद आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा बैठक लेंगे।

.......

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों के संकलन संस्कृति का पांचवां अध्याय नामक पुस्तक का कल नई दिल्ली में विमोचन किया गया। जूना अखाड़े के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने इसका विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा के उप–सभापति हरिवंश ने देश की संस्कृति, परंपराओं, आध्यात्मिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों की सराहना की।

......

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर आज जुब्बल विधानसभा क्षेत्र के बाघी, चमैन और कलबोग के दौरे पर रहेंगें। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करने के अलावा जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

......

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने आज सुबह संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन 2025 के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार, कुल 24 विद्यार्थियों ने 100 का परफेक्ट एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। कट–ऑफ के साथ परिणाम जेईई मेन की आधिकारिक वेबसाइट–जेईई मेन डॉट एनटीए डॉट एन आई सी डॉट आई एन पर उपलब्ध है। इस परीक्षा में कुल 9 लाख 92 हजार 3 सौ 50 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

......

आज दुनिया भर में लिवर की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को तैलीय और चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करके स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए विश्व लिवर दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में लिवर की बीमारियाँ, मृत्यु का 10वाँ सबसे आम कारण हैं। इस दिन को मनाने के लिए, इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज नई दिल्ली में स्वस्थ लिवर– स्वस्थ भारत कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। इस वर्ष के विश्व लिवर दिवस की थीम 'भोजन ही औषधि है'।

......

विश्व दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन वेव्स के अंतर्गत एक प्रमुख पहल के रूप में शुरू किया गया क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन–1, अगले महीने की 1 से 4 मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में एक शानदार फिनाले के लिए तैयार है। अब सभी 32 चुनौतियों के लिए पंजीकरण आधिकारिक रूप से बंद हो चुके हैं। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसमें लगभग एक लाख पंजीकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें एक हजार एक सौ से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है। इन चुनौतियों के लिए 60 से अधिक देशों से प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं।

......

राज्य पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल ने हमीरपुर में निर्माणाधीन अंतरराज्यीय बस अड्डे, निगम की वर्कशॉप, डीएम और आरएम कार्यालय का कल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एचआरटीसी, बस अड्डा प्रबंधन व विकास प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बस अड्डे के निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। निपुण जिंदल ने एचआरटीसी वर्कशॉप, डीएम व आरएम कार्यालय और हमीरपुर के वर्तमान बस स्टैंड का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

......

प्रदेश के चंबा, किन्नौर व कुल्लू जिलों में कल रात तूफान के साथ बारिश होने का समाचार है जबकि आज अधिकांश इलाकों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा, ओलावृष्टि व आंधी तूफान चलने का अलर्ट जारी किया है।